भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1538

उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2019

डाक टिकटें

1538. डॉ. जयसिद्‌ देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शोलापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चार शहीदों के नाम से डाक-टिकट जारी करने का प्रस्ताव कुछ वर्षों से मंत्रालय के पास लंबित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त शहीदों के नाम से उक्त डाक-टिकटों को जारी करने में मंत्रालयों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है; और

(घ) मंत्रालय द्वारा उक्त डाक टिकटों को कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) जी, हां। शोलापुर के चार शहीदों के नाम से डाक-टिकट जारी करने के लिए 2016 में प्रस्ताव प्राप्त हुआ था।

जारी-------2/--

(ख) और (ग) विभाग को महाराष्ट्र राज्य के सहकारिता, विपणन और कपड़ा मंत्री, श्री सुभाष देशमुख के अ. शा. पत्र दिनांक 26.10.2016 के तहत शोलापुर, महाराष्ट्र के

स्वतंत्रता सेनानियों, अर्थात् "श्री मलप्पा धनशेट्टी, श्री कुर्बान हुसैन, श्री जगन्नाथ शिंदे और श्री किसन सरदा" के नाम पर स्मारक डाक-टिकट जारी करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। स्मारक डाक-टिकट जारी करने के प्रस्तावों पर फिलैटली सलाहकार समिति (पीएसी) द्वारा अपनी बैठक में, मौजूदा दिशानिर्देशों के आधार पर विचार किया जाता है। शोलापुर के स्वतंत्रता सेनानियों पर स्मारक डाक-टिकट जारी करने के प्रस्ताव को फिलैटली सलाहकार समिति (पीएसी) की अगली बैठक में विचारार्थ इसके समक्ष रखा जाना है।

(घ) पीएसी, स्मारक डाक-टिकट जारी करने संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों के आधार पर प्रस्तावों की जांच करती है और डाक-टिकट जारी करने के वार्षिक कार्यक्रम की सिफारिश करती है। जैसे ही पीएसी द्वारा डाक-टिकट जारी करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया जाता है, वैसे ही इस विषय से संबंधित महत्वपूर्ण तारीखों को ध्यान में रखते हुए, डाक विभाग द्वारा डाक-टिकट जारी करने की तारीख निर्धारित की जाएगी।

*****